# अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग से होगा बद्री गाय का नस्ल सुधार– कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान

पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान 1 से 7 नवम्बर 2025 तक बेल्जियम के गेन्ट (सेंट पीटर्स) में आयोजित इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के दौरान डा. चौहान ने यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, डेविस (यूएसए) की प्रो. एलिसन वैन ईनेनाम के साथ विस्तृत चर्चा की। दोनों ने उत्तराखंड की स्वदेशी बद्री गाय के क्लोनिंग पर एक अग्रणी परियोजना पर संयुक्त रूप से कार्य करने पर सहमति व्यक्त की। इस परियोजना को अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सहयोग प्राप्त होगा। डा. चौहान ने कहा कि इस क्लोनिंग तकनीक के विकास और उपयोग से बद्री गाय की दुग्ध उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी तथा इस नस्ल के संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल उत्तराखंड में ग्रामीण समृद्धि और आनुवंशिक सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

